देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 336 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**केजरीवाल की तीसरी पारी



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 21 फरवरी 2020



मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 11.0° | 41170.12

2 जर्मनी के हुक्काबारों में मास शूटिंग

7 आईपीएल का ऑल स्टार मैच मुश्किल में

# पीओके में 15 से 20 आतंकी कैंप मौजूद

## बैट के हरकत में आने से पहले ही हमारे जवान उन्हें नाकाम कर देते हैं: आर्मी चीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



- एफएटीएफ की कड़ी कार्रवाई से पाकिस्तान के रुख में बदलाव आएगा
- महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन देने के सुको के फैसले का स्वागत

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकंद नरवणे ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तानी सेना की बॉर्डर ऐक्शन टीम अपनी कायराना हरकतों को अंजाम देने की जब तक सोचती है, तबतक हमारे जवान उसे नाकाम कर देते हैं। आर्मी चीफ ने एएनआई से बातचीत में कहा, हमें इनपुट मिल रहे रहें। अब हम बैट की हिमाकत से पहले ही, जबतक वे हमले करे उससे पहले ही उसे नाकाम करने में समर्थ हैं।

पीओके और बालाकोट (पाक) में मौजूद आतंकी शिविरों पर वायु सेना की एयर स्ट्राइक को एक साल पूरा होने जा रहा है, वहीं इस कार्रवाई के बाद एकबार फिर पीओके में आतंकी कैम्प फैल गए हैं और उन कैम्पों में हमेशा 250 से 350 आतंकी रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर एफएटीएफ कड़ाई से कार्रवाई करता है तो पाकिस्तान को अपनी चालाकी और गतिविधियों पर दोबारा विचार करना पड़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि सेना लैंगिक समानता लाने के लिए प्रयासरत है और महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन प्रदान करने का उच्चतम न्यायालय का आदेश इस दिशा में आगे बढ़ने में काफी स्पष्टता प्रदान करेगा। आर्मी चीफ ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है और सेना आतंकी समूहों पर दबाव बनाकर रख रही है। वहीं, पाक सेना के बैट ऐक्शन पर उन्होंने कहा, हमें जानकारियां मिल रही हैं।

# 100 करोड़ पर भारी हैं 15 करोड़, घमासान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान ने बेहद विवादित बयान दिया है। कर्नाटक के गुलबर्गा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए वारिस पठान ने बिना नाम लिए कहा कि 100 करोड़ (हिंदुओं) पर 15 करोड़ (मुस्लिम) भारी पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आजादी दी नहीं जाती तो छीनना पड़ेगा। वारिस पठान के इस बयान के बाद राजनीति गरम हो गई है।

मुंबई के भायखला से विधायक वारिस पठान ने कहा, ईंट का जवाब पत्थ्थर से देना हमने सीख लिया है। मगर इकट्ठा होकर चलना होगा। अगर आजादी दी नहीं जाती तो हमें छीनना पड़ेगा। वे कहते हैं कि हमने औरतों को आगे रखा है... अभी तो केवल शेरनियां बाहर निकली हैं तो तुम्हारे पसीने छूट गए। तुम समझ सकते हो कि अगर हम सब एक साथ आ गए तो क्ध्या होगा। 15 करोड़ (मुस्लिम) हैं लेकिन 100 (करोड़ हिंदू) के ऊपर भारी हैं। ये याद रख लेना।

मुस्लिम मौलवियों ने कहा कि हिंदू मुसलमान के साथ खड़ा है और मुसलमान हिंदू के साथ खड़ा है। इस तरह की विचारधाराओं से देश को नुकसान होगा। लोगों के हाथ खून से सनेंगे।

### वारिस पठान के बयान के बाद राजनीति गरम

इससे पहले 5 फरवरी को पठान ने स्वीकार किया था कि उन्होंने मुंबई के नागपाड़ा इलाके में शाहीन बाग की तरह से विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था। वारिस पठान के इस बयान के बाद राजनीति गरम हो गई है। वीएचपी ने वारिस पठान के इस बयान की आलोचना की है। उधर, मुस्लिम मौलवियों ने वारिस पठान के इस बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान घृणा को जन्म देते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### निर्भया: दीवार पर मारा सिर फिर कोर्ट पहुंचा विनय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दीवार पर सिर मारकर खुद को घायल करने वाला विनय शर्मा अब बेहतर इलाज के लिए कोर्ट पहुंच गया है। निर्भया केस के दोषी विनय शर्मा की ओर से उसके वकील ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर करके कहा है कि विनय को इलाज की जरूरत है। उसके सिर में चोट लगी है और मानसिक बीमारी स्कित्जोफ्रेनिया की वजह से वह किसी को पहचान नहीं पा रहा है। कोर्ट ने तिहाड़ प्रशासन से जवाब मांगा है। विनय के वकील ने कोर्ट से गुहार लगाई है कि विनय के बेहतर इलाज के लिए तिहाड़ जेल प्रशासन को आदेश दिया जाए।

### सिर्फ राहुल गांधी बचा सकते हैं पाटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार के खिलाफ और समर्थन में एक बार फिर से बहस शुरू हो गई। शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर सवाल उठाया है। इतना ही नहीं, उन्होंने पार्टी के स्थायी अध्यक्ष के चुनाव की भी बात कही है। शशि थरूर के इस बयान पर अब संजय निरुपम भी भड़क गए हैं। संजय निरुपम ने कहा है कि केवल और केवल राहुल गांधी ही कांग्रेस पार्टी को बचा सकते हैं।

### गृह मंत्री शाह के अरुणाचल दौरे पर चीन की आपत्ति बेवजह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह की अरुणाचल प्रदेश यात्रा पर चीन की आपत्ति को भारत ने बेवजह बताते हुए कहा कि यह राज्य भारत का अभिन्न हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, श्भारत का हमेशा से रुख रहा है कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न हिस्सा है जिसे अलग नहीं किया जा सकता।

# शाहीन बाग बरकरार रहेगा लेकिन...

- शाहीन बाग मिसाल बने लेकिन सड़क खाली होनी चाहिए: वार्ताकार

## शाहीन बाग में लगातार दूसरे दिन पहुंचे वार्ताकार, नहीं टूटा गतिरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। शाहीन बाग में 2 महीने से ज्यादा वक्त से हो रहे प्रदर्शन की वजह से बंद मुख्य सड़क को खुलवाने की कोशिश जारी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त दो वार्ताकार संजय हेगड़े और साधना रामचंद्रन गुरुवार को लगातार दूसरे दिन शाहीन बाग पहुंचे, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। दोनों वार्ताकार करीब 4 बजे शाहीन बाग पहुंचे। वार्ताकारों ने कहा कि वे भी चाहते हैं कि शाहीन बाग बरकरार रहे, इसका मुद्दा बरकरार रहे। यहां से हटकर शाहीन बाग एरिया में किसी दूसरे जगह प्रदर्शन हो लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी जगह से न हटने पर अड़े रहे। अब वार्ताकार शुक्रवार को आएंगे और 10–15 महिलाओं के समूह से अलग से बात करेंगे।

साधना रामचंद्रन ने कहा, यह सड़क बंद है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हमें आपके पास भेजा है। सुप्रीम कोर्ट ने एक हाथ बढ़ाया है आपके तरफ...। शाहीन बाग बरकरार है और रहेगा लेकिन सुप्रीम कोर्ट यह उम्मीद करता है... आपको सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास है या नहीं। उन्होंने आगे कहा, अगर हम मिलकर शाहीन बाग के इसी एरिया में, इसी सड़क पर, किसी बड़े एरिया में अगर हम कोई हल निकालें...आपका आंदोलन भी शाहीन बाग में ही बरकरार रहे तो कैसा रहेगा? इस पर प्रदर्शनकारी शोर करने लगे कि हम यहां से नहीं हटेंगे।

### सुको गया मामला तो कोई चारा नहीं रहेगा: वार्ताकार

वकील और वार्ताकार साधना रामचंद्रन ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की कि उन्हें उनके साथ पूरी सहानुभूति है। उन्होंने कहा, आपका असली दर्द क्या है, आप क्या कहना चाह रहे हैं, हम यह सुनने–समझने आ रहे हैं। रामचंद्रन ने आंदोलकारियों को समझाया कि अगर बात नहीं बनी तब मामला फिर सुप्रीम कोर्ट जाएगा। पूरी कोशिश के बाद बात नहीं बनती तो केस फिर सुप्रीम कोर्ट में जाएगा, तब हमारे पास कोई चारा नहीं रहेगा और तब सरकार जो चाहेगी, वह करेगी।

### शाहीन बाग बरकरार रखते हुए हल निकले तो अच्छा

साधना रामचंद्रन ने कहा, कोई ऐसी समस्या नहीं होती जिसका हल नहीं होता। अगर हम चाहते हैं कि हम देश को दिखा दें कि हम अच्छे नागरिक हैं, सच्चे नागरिक हैं। इसका हल निकले, शाहीन बाग बरकरार रखते हुए हल निकले तो इससे अच्छी बात नहीं होगी।

### प्रदर्शनकारी हटने को तैयार नहीं

साधना रामचंद्रन ने जब माइक से प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किसी दूसरी जगह प्रदर्शन को शिफ्ट करने की बात कही तब भी प्रदर्शनकारियों के बीच से शोर उठी कि हम यहां से कहीं नहीं जाएंगे। इसी तरह जब संजय हेगड़े ने प्रदर्शनकारियों से सड़क खाली करने की अपील की तो लोग शोर मचाने लगे कि यहां से नहीं हटेंगे।

**शाहीन बाग भविष्य के आंदोलनों के लिए मिसाल होना चाहिए: हेगड़े** दूसरे वार्ताकार संजय हेगड़े ने प्रदर्शनकारियों से गतिरोध तोड़ने की अपील की ताकि शाहीन बाग भविष्य के आंदोलनों के लिए मिसाल बन सके।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# नॉर्थ–ईस्ट से कोई नहीं हटा सकता 371

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### 2024 तक मिल जाएगी उग्रवाद से आजादी: अमित शाह

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कहा है कि अरुणाचल और मिजोरम से कोई भी राज्य का दर्जा नहीं वापस ले सकता है। पूर्वोत्तर की संस्कृति को बचाने के प्रति सरकार की कटिबद्धता जाहिर करते हुए शाह ने कहा कि आर्टिकल 371 न ही कोई हटा सकता है और न उसे हटाने की कोई मंशा है।

बता दें कि शाह अरुणाचल के 34वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार उग्रवाद और सीमा से जुड़े मुद्दों का समाधान करने कि लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम जब 2024 में आपके पास वोट मांगने आएंगे तो नॉर्थ ईस्ट उग्रवाद और राज्य की सीमाओं जैसी समस्याओं से आजाद हो चुका होगा।